हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांकः हे.न.ब.ग.वि.वि./परीक्षा/2024/ 1747 दिनांक : 14 / 10/2024

अधिसूचना ( )

सी0बी0सी0एस0 प्रणाली/NEP III & V Semester (स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं बी0एड0/एम0एड0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर [III, V, VII एवं IX] (मुख्य एवं बैक पेपर) परीक्षा आवेदन पत्र 2024–25

एतदद्वारा विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सी0बी0सी0एस0 (CBCS) प्रणाली तथा NEP III & V सेमेस्टर के अन्तर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टरों [III, V, VII एवं IX] (स्नातक प्रथम सेमेस्टर एवं बी0एड0/एम0एड0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टरों की परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन (Online) भरने की तिथि सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरान्त निम्नवत् जारी की जाती हैः–

- ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की प्रारम्भिक तिथिः – 15 अक्टूबर 2024
- ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने की अन्तिम तिथिः – 31 अक्टूबर 2024
- विलम्ब शुल्क रू0 1000/– के साथ आवेदन पत्र भरने की तिथि – 01 नवम्बर 2024 से 05 नवम्बर 2024 तक
- विभाग/परिसर/महाविद्यालय/संस्थान द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र Online Verification के पश्चात् विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र रोललिस्ट एवं N.R. (Numarical Return)/सम्बद्धता पत्र की 02–02 प्रतियों में परीक्षा अनुभाग/अतिगोपनीय अनुभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि 11 नवम्बर 2024 तक।

यदि किसी छात्र/छात्रा को Online परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान से सम्पर्क करें अथवा डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर की मेल आईडी hnbgudpu@gmail.com पर ई–मेल कर सकते हैं। छात्र–छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे विश्वविद्यालय पोर्टल पर अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुये यथासमय पर अपना परीक्षा आवेदन पर भरना सुनिश्चित करें। **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जायेगी।**

14/10/24
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जनसम्पर्क अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर उजाला/शाह टाइम्स/राष्ट्रीय सहारा में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाता छात्र कल्याण/मुख्य नियन्ता, बिड़ला परिसर/परिसर निदेशक पौड़ी, टिहरी परिसर/समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान अपने छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्र जाँच एवं सत्यापन के उपरान्त सूचीवद्ध कर दिनांक 11 नवम्बर 2024 तक विश्वविद्यालय में अवश्य रूप से जमा करेंगे।
3. अनुभागीय अधिकारी परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्र–छात्राओं का आवेदन पत्र एवं शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा कर दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग केन्द्र/ई–गर्वनेन्स को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे सम्बन्धित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करें। साथ ही विश्वविद्यालय के लेखा अनुभाग से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर मिलान (Reconcile) करवा लिया जाये।
4. प्रभारी, डाटा प्रोसेसिंग सेन्टर/ई–गर्वनेन्स को इस आशय से प्रेषित कि छात्र–छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र भरने हेतु विश्वविद्यालय विवरणिका सत्र 2024–25 एवं मान्यता अनुभाग से प्राप्त सत्र 2024–25 हेतु स्वीकृत सीटों के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल खोलना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देने का कष्ट करें।
6. वित्त अधिकारी/समस्त उपकुलसचिव/समस्त सहायक कुलसचिव के सूचनार्थ प्रेषित।
7. निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
9. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।

14/10/24
परीक्षा नियंत्रक